दैनिक भास्कर

# भंडाफोड़:डाबर का डुप्लीकेट आंवला तेल और गुलाब जल के गोरखधंधे का भंडाफोड़



- भारी मात्रा में नकली तेल रैपर और गुलाब जल बरामद

हिसुआ में नकली डाबर तेल और गुलाब जल बनाने के बड़े गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस और डाबर की टीम ने हिसुआ शहर के ब्रह्मपिचाश मोहल्ले में छापेमारी कर भारी मात्रा में डुप्लीकेट डाबर आंवला केश तेल , खाली डब्बा व गुलाब जल के रैपर बरामद किया गया है। मौके से एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार सिंह व अरविंद कुमार सिंह की शिकायत पर हिसुआ पुलिस ने ब्रह्मपिचाश मुहल्ले के जसवंत तमौली घर में छापेमारी किया तो 600 पीस डुप्लीकेट डाबर आंवला केश तेल 90 एमएल के, 400 पीस खाली डब्बा व 3 हजार से अधिक डुप्लीकेट स्टीकर भी बरामद किया है।

बताया जाता है कि डाबर आंवला केश तेल कंपनी के पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि हिसुआ बाजार में उक्त केश तेल की डुप्लीकेट पैकिंग कर बेचा जा रहा है। सूचना पर पटना से जांच अधिकारी रंजीत कुमार सिंह व अरविंद कुमार सिंह जांच के लिए हिसुआ बाजार आए और पूरी जानकारी हिसुआ थाना पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना के आधार पर ब्रह्मपिचाश मुहल्ला निवासी जसवंत प्रसाद तमोली के घर में छापेमारी किया। इस संबंध में छापेमारी टीम मे उपस्थित सब इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि मौके से मकान मालिक जसवंत प्रसाद तमोली को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पूछताछ की जा रही है।

Source:
https://www.bhaskar.com/local/bihar/patna/nawada/news/daburs-duplicate-gooseberry-oil-and-rose-water-racket-busted-127814096.html